# सामान्यतः बिल की जाने वाली राशि

यदि आपको BJC वित्तीय सहायता नीति (Financial Assistance Policy, FAP) के तहत सहायता प्राप्त होती है तो अस्पताल आपसे उन व्यक्तियों से सामान्यतः बिल की जाने वाली राशि (Amounts Generally Billed, AGB) से अधिक शुल्क नहीं ले सकता है, जिनके पास समान सेवाओं को कवर करने वाला बीमा है। वित्तीय सहायता के लिए पात्र रोगी से केवल वही राशि "चार्ज की गई" मानी जाती है, जिसका भुगतान करने के लिए वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है, जब सभी छूट (FAP के तहत उपलब्ध छूट सहित) और बीमा भुगतान लागू हो चुके हों।

BJC उस देखभाल के लिए अस्पताल के कुल शुल्कों को, कुल शुल्कों के एक या अधिक प्रतिशत से गुणा करके AGB का निर्धारण करता है, जिसे "AGB प्रतिशत" कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष AGB प्रतिशत की गणना पिछले 12 महीने की अवधि के दौरान स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा स्वीकृत अस्पताल के सभी दावों की पूरी राशि को उन दावों से संबंधित कुल शुल्को के योग से विभाजित करके की जाती है। इन उद्देश्यों के लिए, स्वास्थ्य बीमाकर्ता द्वारा स्वीकृत पूर्ण राशि में बीमाकर्ता द्वारा प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि तथा वह राशि (यदि कोई हो) दोनों शामिल होती हैं, जिसके भुगतान के लिए व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होता है, जैसे सह-भुगतान, सह-बीमा, या कटौती योग्य राशि। इस AGB गणना को प्रत्येक अस्पताल द्वारा हर साल किया जाता है।

एक बार वित्तीय सहायता के लिए पात्रता स्वीकृत हो जाने पर, वह अस्पताल वित्तीय सहायता आय और छूट तालिका में बतायी गयी लागू वित्तीय सहायता छूट लागू करेगा। आपकी किसी भी बकाया राशि की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए की जाएगी कि यह AGB प्रतिशत से कम है। यदि बकाया राशि AGB द्वारा अनुमत राशि से अधिक होती है, तो बकाया राशि को AGB प्रतिशत तक कम करने के लिए उस पर अतिरिक्त छूट लागू की जाएगी।

प्रत्येक BJC Health अस्पताल के लिए AGB प्रतिशत नीचे दिया गया है। यदि AGB गणना के संबंध में आपके पास कोई प्रश्न है, तो कृपया BJC HealthCare को 314-362-8400 या 855-362-8400 पर, या Saint Luke’s को 816-932-5678 या 888-581-9401 पर कॉल करें।

| अस्पताल का नाम | सामान्यतः बिल की जाने वाली राशि का प्रतिशत (AGB) |
|---|---|
| Alton Memorial Hospital | 20.6% |
| Barnes-Jewish Hospital | 28.5% |
| Barnes-Jewish St. Peters Hospital | 24.0% |
| Barnes-Jewish West County Hospital | 24.8% |
| Christian Hospital | 21.4% |
| Memorial Hospital | 18.9% |
| Missouri Baptist Medical Center | 26.6% |
| Missouri Baptist Sullivan Hospital | 26.7% |
| Parkland Health Center–Bonne Terre | 24.4% |
| Parkland Health Center–Farmington | 24.4% |
| Progress West Hospital | 26.2% |
| St. Louis Children’s Hospital | 43.4% |

BJC Health™

| Saint Luke’s Hospitals | सामान्यतः बिल की जाने वाली राशि का प्रतिशत (AGB) |
|---|---|
| Allen County Hospital | 44.85% |
| Anderson County Hospital | 56.14% |
| Hedrick Medical Center | 45.96% |
| Saint Luke's East Hospital | 16.0% |
| Saint Luke's Hospital of Kansas City | 22.1% |
| Saint Luke's North Hospital | 18.4% |
| Saint Luke's South Hospital | 17.6% |
| Wright Memorial Hospital | 49.58% |

1 मार्च, 2026 से प्रभावी।

BJC Health™